उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार 11 चैत्र, शक संवत्, 1925
### ( दिनांक : 01 अप्रैल, 2003 )
### समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिये नत्थी "क")।

2. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी "ख")।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री बलवीर सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल के घनसाली विधान सभा क्षेत्र को पृथक जनपद बनाये जाने के सम्बन्ध में" श्री प्रेम सिंह रावत एवं अन्य निवासीगण, जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री बलवीर सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत घनसाली- घुत्तु देवलंग गंगी मोटर मार्ग के डामरीकरण के सुधार के सम्बन्ध में" श्री प्रेम सिंह रावत एवं अन्य निवासीगण, जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

7. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

8. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

9. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

....2/....

10. परिवहन मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल मोटरयान कराधान सुधार विधेयक, 2003 पर विचार किया जाय (एक घण्टा)।

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| (क) 1. श्री प्रकाश पन्त,<br>2. श्री मदन कौशिक,<br>3. श्री मातबर सिंह कण्डारी,<br>4. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>5. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>6. श्री मालचन्द, | "उत्तरांचल मोटरयान कराधान सुधार विधेयक, 2003 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।" |
| (ख) 1. काजी निजामुद्दीन। | --- तदैव --- |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे)

11. परिवहन मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल मोटरयान कराधान सुधार विधेयक, 2003 पारित किया जाय।

12. श्री फूल सिंह बिष्ट, द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-
"यह सदन श्री राज्यपाल को उनके द्वारा दिनांक 28 मार्च, 2003 को दिये गये अभिभाषण के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है"।

(प्रस्ताव में संशोधनों के लिए देखिए नत्थी (ग))

13. नियम-103 के अन्तर्गत श्री मातबर सिंह कण्डारी, सदस्य, विधान सभा द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण :-

"इस सदन का सुविचारित मत है कि प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत जिला उद्योग केन्द्र द्वारा चयनित बेरोजगार युवकों को उद्योग चलाने हेतु बैंकों से ऋण दिलाने की प्रकिया को सरल किया जाय।"

14. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादून:**
**दिनांक : 01 अप्रैल, 2003**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची
## मंगलवार, 11 चैत्र, शक संवत्, 1925
( दिनांक : 01 अप्रैल, 2003 )

प्रथम सत्र, 2003
का प्रथम मंगलवार

## नत्थी ( क )

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री अनिल नौटियाल
11.3.2003

उच्च शिक्षा

** 1. क्या उच्च शिक्षा मंत्री को जानकारी है कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षकों की अत्याधिक कमी है तथा लगभग 50% शिक्षकों के पद रिक्त हैं? क्या यह सत्य है कि अधिकांश शिक्षकों को एक महाविद्यालय से दूसरे महाविद्यालय में बिना पद व कार्यभार के सम्बद्ध किया गया हैं? यदि हाँ, तो इनकी सम्बद्धता का औचित्य क्या है? क्या आगामी शैक्षिक सत्र के आरम्भ से पहले रिक्त पदों को भरे जाने की दिशा में कोई ठोस कार्यवाही की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

काजी निजामुद्दीन
20.3.2003

वित्त

** 2. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राजस्व को बढ़ाने के लिए व्यापार कर निर्धारण एवं कर वसूली की कोई विशेष कार्य योजना बनाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

# नत्थी ( ख )

# तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.1.2003 | *1. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सार्वजनिक स्टैण्ड पोस्ट (जल स्तम्भ) को खोलने के आदेश निर्गत किए जा चुके हैं ? यदि हाँ, तो जनपद उत्तरकाशी में अब तक कुल कितने सार्वजनिक जल स्तम्भ खोलकर पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है? यदि नही, तो क्यों? | पेयजल |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>29.1.2003 | *2. क्या वन मंत्री को जानकारी है कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जिला पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड दुगड्डा के गांवों में नरभक्षी बाघ के आक्रमण के कारण कई जाने जा चुकी हैं ? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा नरभक्षी बाघ से जनता की सुरक्षा हेतु कोई उपाय किये गये हैं ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नही, तो क्यों ? | वन |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>30.1.2003 | *3. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुमाऊँ एवं गढ़वाल मण्डल की दूरी को कम करने के लिए क्या सरकार हरिद्वार लालढांग–कोटद्वार–रामनगर मोटर मार्ग का विस्तारीकरण कराये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>11.2.2003 | *4. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार उत्तरांचल राज्य हेतु कोई पेयजल नीति बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हाँ, तो कब तक इसको कार्यान्वित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>14.2.2003 | *5. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने की कोई योजना है? यदि हाँ, तो यह योजना कब से लागू की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>14.2.2003 | *6. क्या पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के लन्ढौरा क्षेत्र में अत्याधिक संख्या में ईंट भट्टों से पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है जिससे क्षेत्रवासी दमा, टी.बी., एक्ज़ीमा जैसे रोगों के शिकार हो रहे हैं और खेती पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार क्षेत्र की ईंट भट्टों की चिमनियों पर प्रदूषण नियंत्रण सयंत्र लगवाकर प्रदूषण को नियंत्रित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यावरण |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>17.2.2003 | *7. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 द्वारा उत्तरांचल में सम्पादित करवाये जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों से प्राप्त लाभांश (सेण्टेज चार्जेज़) का लाभ उ0प्र0 को मिल रहा है जिसके फलस्वरूप उत्तरांचल को क्षति उठानी पड़ रही है? यदि हाँ, तो सरकार इस क्षति को रोकने के लिए क्या प्रभावी कदम उठा रही है? क्या सरकार उत्तरांचल में पृथक निर्माण निगम बनाये जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री हरबंस कपूर<br>19.2.2003 | *8. क्या नगर विकास मंत्री को जानकारी है कि देहरादून में चन्दर नगर मौहल्ले में शव विच्छेदन गृह घनी आबादी के बीच स्थित है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में शव विच्छेदन गृह को अन्यत्र स्थानांतरित किये जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | द्वितीय शुक के तारा0 6 में स्था0 |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>21.2.2003 | *9. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में सरकार ने हल्के वाहन मार्गों की स्वीकृति पर रोक लगा दी है? यदि हाँ, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री अजय भट्ट<br>24.2.2003 | *10. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत कुल कितनी धनराशि राज्य को प्राप्त हुई है तथा क्या इस धनराशि से निर्मित की जाने वाली सड़कों को निर्माण कार्य किसी बाहरी निर्माण एजेंसी को दे दिया गया है? यदि हाँ, तो उस निर्माण एजेंसी का नाम क्या है? क्या कारण है कि लोक निर्माण विभाग को निर्माण कार्य न देकर उक्त एजेंसी को निर्माण कार्य दिया गया? | ग्राम्य विकास |

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>29.1.2003 | 1. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वन संरक्षक उत्तरी कुमाँऊ वृत के कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत कौन–कौन से जनपद आते है? क्या सरकार वन संरक्षक उत्तरी कुमाँऊ वृत का कार्यालय अल्मोड़ा में स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>29.1.2003 | 2. क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी में बनोली पेयजल योजना भिलंगना पर वर्ष 1994 से कार्य प्रारम्भ हो गया था? यदि हाँ, तो 8 वर्ष बाद भी कार्य पूर्ण न होने के क्या कारण हैं? | पेयजल |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>29.1.2003 | 3. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के लोक निर्माण विभाग अस्थाई खण्ड धनसाली के अन्तर्गत भूलगढ़–भखोडी व कोटी अखेडी मोटर मार्ग के विस्तार एवं डामरीकरण का कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक कार्य पूर्ण कराया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>29.1.2003 | 4. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के बानगंगा रेंज के अन्तर्गत भासरताल में वन विभाग का एक लाग केबिन (वन विश्राम) भवन है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस क्षतिग्रस्त भवन के पुनर्निर्माण किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>29.1.2003 | 5. क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जिला पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत व्यासघाट, किनसुर मोटर मार्ग कितने कि0मी0 तथा किन–किन मदों से बनाया गया है? क्या पुल सहित दो कि0मी0 सड़क स्वीकृत हुई थी? यदि हाँ, तो पुल कब तक बन जायेगा? | लोक निर्माण |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>29.1.2003 | 6. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जिला पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत गैन्डरखाल आमसैण हल्का वाहन मार्ग कितने कि0मी0 स्वीकृत है तथा उक्त मार्ग कितने कि0मी0 बन चुका है? क्या उक्त मार्ग पर नियमित वाहन चल रहे हैं? | लोक निर्माण |
| श्री कैलाश शर्मा<br>29.1.2003 | 7. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि अल्मोड़ा जनपद के चितई पेटशाल–शुवाखान मोटर मार्ग का निर्माण कार्य किन कारणों से बंद कर दिया गया है तथा उक्त मार्ग का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री कैलाश शर्मा<br>29.1.2003 | 8. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि अल्मोड़ा नगर को जोड़ने के लिए धारानौला से जिला चिकित्सालय एवं बस स्टेशन तक लिंक मार्ग बनाने की सरकार की कोई योजना प्रस्तावित है? | लोक निर्माण |
| श्री कैलाश शर्मा<br>29.1.2003 | 9. क्या लोक निर्माण मंत्री के संज्ञान में है कि जनपद अल्मोड़ा के अल्मोड़ा नगर की ऐतिहासिक पटाल रोड के पटाल लगातार टूटने के कारण अव्यवस्थित होते जा रहे हैं? यदि हाँ, तो उक्त पटाल रोड को व्यवस्थित करने की सरकार की कोई योजना है? | द्वितीय मंगल के अता0 6 में स्था0 |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>30.1.2003 | 10. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के अन्दर निर्माण कार्यों के सम्पादन में छोटे ठेकेदारों के हितों को ध्यान में रखा गया है? यदि हाँ, तो विभाग द्वारा जनपद उत्तरकाशी में वर्ष 2001–2002 में कितने ठेकेदारों से किस–किस श्रेणी के निर्माण कार्य कराए गए? | लोक निर्माण |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>30.1.2003 | 11. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के घनसाली धुत्तु मोटर मार्ग को चौड़ा करने व डामरीकरण का कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>31.1.2003 | 12. क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी की कुभशिला भिलंग पुर्नगठन पेयजल योजना निर्माण कार्य पर अभी तक कुल कितना परिव्यय आया है? 1996 में प्रारम्भ की गई योजना का कार्य पूर्ण नहीं होने के क्या कारण हैं? | पेयजल |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>31.1.2003 | 13. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद–टिहरी गढ़वाल में लो0 नि0 वि0 घनसाली के अन्तर्गत बूढ़ाकेदार–कोट बिशन–घण्डियाल सौड़ हल्का वाहन मार्ग को 10 कि0मी0 की वित्तीय स्वीकृति सन् 1990 में प्राप्त हुई थी ? यदि हाँ, तो उक्त मार्ग पर आज तक कितना धन व्यय किया गया और कितने कि0मी0 सड़क बन चुकी है? | लोक निर्माण |
| श्री कैलाश शर्मा<br>31.1.2003 | 14. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड लमगड़ा में ढौरा मोतियापाथर मोटर मार्ग के निर्माण में ग्रामीणों की अध्याप्त भूमि का मुआवज़ा प्रभावित ग्रामीणों को दे दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री कैलाश शर्मा<br>31.1.2003 | 15. | क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड हवालबाग के प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र के जीर्ण–शीर्ण छात्रावास भवन की मरम्मत हेतु शासन के विचाराधीन कोई योजना प्रस्तावित है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री कैलाश शर्मा<br>31.1.2003 | 16. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि पूर्व में स्वीकृत अल्मोड़ा जनपद के लमगड़ा विकास खण्ड के चामखान–धारखोला मोटर मार्ग का निर्माण कार्य किन कारणों से रोक दिया गया? क्या सरकार जनहित में उक्त निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ किये जाने पर विचार करेगी? | लोक निर्माण |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>31.1.2003 | 17. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देश की आज़ादी के आन्दोलन में शहीद हीरामणि बड़ोला व हरिकृष्ण उप्रेती के ग्राम–भेलीपार–खल्डुवा विकासखण्ड स्याल्दे जनपद अल्मोड़ा को मोटर मार्ग से जोड़ने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त मार्ग पर कार्य प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>31.1.2003 | 18. | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त** | |
| श्री कैलाश शर्मा<br>3.2.2003 | 19. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि अल्मोड़ा जनपद के विकास खण्ड लमगड़ा में स्वीकृत टकौली बैण्ड गौना मोटर मार्ग का कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा? | लोक निर्माण |
| श्री कैलाश शर्मा<br>3.2.2003 | 20. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि अल्मोड़ा जनपद के विकास खण्ड भैसियाछाना में स्वीकृत नैनी न्योलीखान–हरणा मोटर मार्ग का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ हो जायेगा? | लोक निर्माण |
| श्री कैलाश शर्मा<br>3.2.2003 | 21. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि अल्मोड़ा जनपद के विकास खण्ड लमगड़ा में निर्मित विश्वनाथ जसकोट मोटर मार्ग का निर्माण कार्य रोकने के क्या कारण हैं? उक्त निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा? | लोक निर्माण |
| श्री कैलाश शर्मा<br>3.2.2003 | 22. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि अल्मोड़ा जनपद के हवालबाग विकास खण्ड में निर्मित फलसीमा–टाटिम हल्का वाहन मार्ग का कार्य रोकने के क्या कारण हैं? उक्त निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा? | लोक निर्माण |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>3.2.2003 | 23. | क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अस्थाई खण्ड घनसाली के अन्तर्गत डाँगी-ढेला गण्डराखाल मोटर मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उक्त मोटर मार्ग कब तक बन जायेगा? यदि नही, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>3.2.2003 | 24. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्र की परिन्दा पम्पिंग पेयजल योजना के अन्तर्गत सभी गांवों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री कैलाश शर्मा<br>4.2.2003 | 25. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार अल्मोड़ा शहर के पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त प्रमुख लिंक मार्ग एल.आर. साह से एन.टी.डी. तक का मरम्मत कार्य शीघ्र करवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>22.10.2002 | 26. | क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी में दोणी बड़ी (भिलंगना) पेयजल योजना का निर्माण कब हुआ? क्या उक्त योजना से समस्त ग्रामवासी लाभान्वित हो रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>16.09.2002 | 27. | क्या लो0 नि0 मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अस्थाई खण्ड घनसाली के अन्तर्गत भिलंगना नदी पर देवलिंग-मेण्डू के समीप 40 मी0 स्पान गार्डर पैदल सेतु निर्माण का पुनरीक्षित आंगणन सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो इसकी स्वीकृति कब तक मिल जायेगी? | लोक निर्माण |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>22.10.2002 | 28. | क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी की सौड़ भिलंगना पुर्नगठन पेयजल योजना अभी तक पूर्ण न होने के क्या कारण हैं? | पेयजल |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>4.2.2003 | 29. | क्या ग्रामीण विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोज़गार योजना की जिलेवार प्रगति क्या है? क्या सरकार प्रगति का विवरण सदन के पटल पर रखने का कष्ट करेंगी? | ग्राम्य विकास |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>4.2.2003 | 30. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2001-2002 में प्रदेश के विभिन्न भागों से कितनी अवैध लकड़ी पकड़ी गयी है? जब्त की गई लकड़ी का निस्तारण कैसे किया गया? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री कैलाश शर्मा<br>5.2.2003 | 31. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा नगर में निर्मित सीवर लाइन फेज़-II का कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा? | पेयजल |
| श्री कैलाश शर्मा<br>5.2.2003 | 32. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि अल्मोड़ा जनपद के विकास खण्ड लमगड़ा में निर्माणाधीन ढौरा मोतियापाथर मोटर मार्ग कितने कि0मी0 स्वीकृत है? क्या निर्मित मोटर मार्ग वाहनों के आने-जाने लायक हो गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री कैलाश शर्मा<br>5.2.2003 | 33. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के विकास खण्ड हवालबाग के अन्तर्गत स्यूरा बरसीमी ग्राम वासियों की पेयजल समस्या को दृष्टिगत सरकार कोई पेयजल योजना बनाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>6.2.2003 | 34. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड जखोली के आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु कब और कितनी धनराशि शासन द्वारा स्वीकृत हुई? उक्त धनराशि से अब तक कितने भवनों का निर्माण हुआ तथा कितने भवनों का निर्माण कार्य होना शेष है? क्या सरकार विकास खण्ड जखोली के अवशेष भवनों का निर्माण करवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>6.2.2003 | 35. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने खण्ड विकास अधिकारी के पद शासन से स्वीकृत हैं तथा कितने पद रिक्त हैं? प्रदेश में कुल कितने संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं? क्या सरकार इनको खण्ड विकास अधिकारी का वेतन दे रही है? क्या सरकार संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी पद धारक को पदोन्नति दिये जाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री मदन कौशिक<br>7.2.2003 | 36. क्या सूचना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के कितने जिलों में प्रैस क्लब हेतु भूमि उपलब्ध करा दी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | सूचना |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>11.2.2003 | 37. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में धर्मगंगा नदी में कोटी-अगुण्डा के बीच क्षतिग्रस्त पुल का जीर्णोद्धार कब तक कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रकाश पंत<br>11.2.2003 | 38. क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि क्या सरकार जनपद पिथौरागढ़ में चन्डाक बांस मोटर मार्ग का डामरीकरण इसी वित्तीय वर्ष में करवायेगी ? यदि नही, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पंत 11.2.2003 | 39. क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि मेरठ पौड़ी मोटर मार्ग में नजीबाबाद, कोटद्वार से सतपुली तक मोटर मार्ग के विस्तारीकरण तथा सुदृढ़ीकरण का कार्य वर्तमान मे किया जा रहा है? यदि हाँ, तो उक्त कार्य की लागत कितनी है ? उक्त कार्य हेतु कुल कितनी निविदायें प्राप्त हुई तथा उनमें से कितनी निरस्त कर दी गयी? क्या निविदाओं की स्वीकृति में विभागीय नियमों का पालन किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 11.2.2003 | 40. क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि क्या उत्तरांचल में पेयजल विभाग द्वारा कम्प्यूटर किराये पर लिये गये हैं? यदि हाँ, तो कितने साल के लिए तथा कितने रूपये प्रतिमाह पर लिये गये हैं? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि किराये पर कम्प्यूटर लेने का आधार क्या है? | पेयजल |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 13.2.2003 | 41. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में मसूरियाँ होकरा मोटर मार्ग का पुनरक्षित आगणन स्वीकृत न होने से निर्माण कार्य बंद है? क्या सरकार पुनरक्षित आगणन स्वीकृत करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 13.2.2003 | 42. क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में कंचना पेयजल योजना का पुनर्गठन का कार्य वर्ष 2002 में पूर्ण किया गया है? क्या योजना आगणन के अनुसार बनाई गई है? यदि हाँ, तो उक्त योजना के निर्माण में कितनी लागत आयी है? क्या योजना सुचारू रूप से कार्य कर रही है? | पेयजल |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 13.2.2003 | 43. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में नाचनी मैसकोट हल्का वाहन मार्ग में जगह-जगह दीवार टूटने तथा मार्ग में मलबा आने से मार्ग अवरूद्ध है? यदि हाँ, तो क्या सरकार मार्ग को यातायात के लिए खोलेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 14.2.2003 | 44. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग को उपवन संरक्षक केदारनाथ-गोपेश्वर तथा उपवन संरक्षक कर्णप्रयाग चमोली के अधिकार क्षेत्र में रखा गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनपद रूद्रप्रयाग को एक डिवीज़न बनाकर उप वन संरक्षक का पद सृजित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री मदन कौशिक 14.2.2003 | 45. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर टौल टैक्स किस प्रकार लिया जा रहा है? विभाग द्वारा या ठेकेदारों द्वारा ? वर्ष 2001-2002 की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में कितने अधिक राजस्व विभाग को प्राप्त होगा? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन' 14.2.2003 | 46. क्या संसदीय कार्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के विधायकगण को उत्तर प्रदेश की भांति आर्मी के डिस्पोज़ल वाहन क्रय करने की सुविधा प्राप्त है? यदि नहीं, तो क्या सरकार उत्तरांचल में उक्त सुविधा प्रदान करेगी? | संसदीय कार्य |
| श्री गोपाल सिंह राणा स्थित 15.2.2003 | 47. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि उत्तरांचल की सीमा में टनकपुर पीलीभीत रोड का टनकपुर से उत्तरांचल और उ0प्र0 की सीमा पीलीगंज तक हाटमिक्स प्लान्ट द्वारा निर्माण कराये जाने की कोई योजना शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उक्त निर्माण कार्य कब से प्रारम्भ हो जायेगा? | लोक निर्माण |
| श्री गोपाल सिंह राणा 15.2.2003 | 48. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर के खटीमा नगरवासियों के लिए पीने के पानी हेतु शारदा नहर से पाईप लाईन द्वारा जलापूर्ति की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो पाईप लाईन बिछाने का कार्य कब से शुरू हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री नारायण राम आर्य 15.2.2003 | 49. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़, गंगोलीहाट में गम्भीर पेयजल संकट को दूर करने के लिए कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री बलबीर सिंह नेगी 15.2.2003 | 50. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के बूढ़ाकेदार लो0नि0 अतिथिगृह का निर्माण कब हुआ? क्या इस अतिथिगृह के जीर्णोद्धार संबंधी आगणन शासन में लम्बित है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इसके जीर्णोद्धार हेतु विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री तसलीम अहमद 15.2.2003 | 51. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जंगली जानवरों के द्वारा किसानों की फसलों के नष्ट होने पर मुआवज़ा किन मानकों के आधार पर दिया जाता है? क्या सरकार बतायेगी कि हरिद्वार में पिछले 3 वर्षों में कितने किसानों को हाथियों द्वारा नष्ट की गई फसलों का कितना मुआवज़ा दिया गया है? क्या सरकार जंगली जानवरों द्वारा नष्ट होने पर किसान को लागत के अनुसार मुआवज़ा दिये जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्रीमती आशा नौटियाल अन्तर्गत 15.2.2003 | 52. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद रूद्रप्रयाग के चोपड़ा-उमाड़ाडा मोटर मार्ग कि0मी0 28 से आगे हल्के वाहन मार्ग से भारी वाहन मार्ग में परिवर्तित करने की एवं इसी मोटर मार्ग को काण्डई से उमाड़ाडा तक निर्माण कार्य करवाने के लिए कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>15.2.2003 | 53. क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत ग्राम इशाला के ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक ग्रामीणों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>15.2.2003 | 54. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग में मोहन खाल से प्रसिद्ध पर्यटक स्थल चोपता तुंगनाथ तक वन विभाग द्वारा मोटर मार्ग निर्माण की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>15.2.2003 | 55. क्या लोक निमार्ण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में चौबाटी मोटर मार्ग से भड़गाँव तक शहीद खड़क सिंह के नाम से वर्ष 1999 में सड़क स्वीकृत की गई थी? यदि हाँ, तो अभी तक सड़क निर्माण प्रारम्भ न कराये जाने के क्या कारण हैं? क्या सरकार जनहित में उक्त सड़क का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>17.2.2003 | 56. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गंगा नदी को प्रदूषण से मुक्त करने हेतु क्या कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? क्या यह सत्य है कि विभिन्न नगरों-कस्बों का दूषित पानी गंगा में मिल जाता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार नदी की पवित्रता बनाये रखने के लिए गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त करने हेतु कोई कार्ययोजना बनाये जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| डॉ0 नारायण सिंह जंतवाल<br>17.2.2003 | 57. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्राम मलुवाताल विकास खण्ड भीमताल जनपद नैनीताल में अधूरे निर्मित पुल का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करवाया जायेगा? | लोक निर्माण |
| श्री तसलीम अहमद<br>17.2.2003 | 58. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद व तहसील हरिद्वार के बादशाहपुर लेखपाल क्षेत्र में बाण गंगा नं0-2 की 1182 एकड़ वनरक्षित वन भूमि पर बादशाह पुर ग्राम के अनुसूचित जाति के परिवारों का सरकार के पत्रांक संख्या-1450/रा0का0 के तहत इस भूमि पर स्वामित्व बनता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार 1182 एकड़ वन रहित वन भूमि पर उक्त परिवारों को स्वामित्व प्रदान करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री तसलीम अहमद<br>17.2.2003 | 59. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद व तहसील हरिद्वार ब्लाक बहादराबाद के कमलानगर व पुरूषोत्तम नगर आरक्षित वन भूमि पर बसे हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार दोनों वन ग्रामों को राजस्व ग्राम बनाने के लिए वन भूमि को अनाधिसूचित (डिनोटिफाई) करते हुए राजस्व विभाग को हस्तांतरित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>19.2.2003 | 60. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में विकास खण्ड कीर्तिनगर के अन्तर्गत जाखणी पेयजल योजना का अनुबंध कब हुआ तथा उक्त योजना से कौन–2 से गाँव लाभान्वित होंगे? उक्त पेयजल योजना पर कब तक कार्य प्रारम्भ हो जायेगा? | पेयजल |
| श्री हरबंस कपूर<br>19.2.2003 | 61. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रेमनगर, देहरादून में मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन सार्वजनिक पार्क को विकसित करने के लिए सरकार द्वारा कितना व्यय निर्धारित किया गया है? अब तक पार्क निर्माण में कितना व्यय हो चुका है तथा पार्क का निर्माण कब तक पूरा करा लिया जायेगा? | द्वितीय सोम के तारा0 4 में स्था0 |
| श्री हरबंस कपूर<br>19.2.2003 | 62. क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि नगर निगम देहरादून में सेवारत सफाई कर्मचारियों के लिए नगर निगम की भूमि पर आवासीय कालोनी बनाकर उन्हें आसान किस्तों पर भवन आवंटित करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्या भविष्य में ऐसी योजना बनाई जाएगी? | नगर विकास |
| श्री हरबंस कपूर<br>19.2.2003 | 63. क्या नगर विकास मंत्री को जानकारी है कि नगर निगम देहरादून में नियुक्त सफाई कर्मचारी नगर निगम के क्षेत्रफल एवं जनसंख्या को देखते हुए कम हैं? यदि हाँ, तो क्या नगर निगम की जनसंख्या और क्षेत्रफल को देखते हुए अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जायेगी? यदि हाँ, तो कितने और कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री हरबंस कपूर<br>20.2.2003 | 64. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पटेल पार्क राजपुर रोड, देहरादून में नगर पालिका देहरादून द्वारा एक वाटर फाल विकसित किया गया था? क्या उल्लिखित वाटर फाल नियमित रूप से कार्य कर रहा है? यदि नहीं, तो क्या वाटर फाल को नियमित रूप से चालू किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? | द्वितीय सोम के अता0 7 में स्था0 |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>20.2.2003 | 65. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के घनसाली कस्बे में वाहनों के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए बूढ़ाकेदार, दल्ला रमणी विनकखाल व घुत्तु जाने वाली बस सेवाओं के लिए बाईपास मोब्र मार्ग का निर्माण करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>20.2.2003 | 66. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में विकास खण्ड भिलंगना के अन्तर्गत प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बूढ़ाकेदार व ग्राम थाति में पेयजल हेतु कोई कार्य योजना विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक प्रस्तावित योजना पर कार्य प्रारम्भ हो जायेगा? | पेयजल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>20.2.2003 | 67. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के बूढ़ाकेदार क्षेत्र में धर्मगंगा व बालगंगा नदी पर निर्माणाधीन गुनसोला हाईड्रो पावर कम्पनी द्वारा बूढ़ाकेदार-बेलक मोटर मार्ग व बूढ़ाकेदार-कोटविशन-घण्डियाल सौड़-तितरूणा मोटर मार्ग पर तीन फुट चौड़ी पाइप लाइन बिछाकर ले जाने की अनुमति शासन से प्राप्त कर ली गई है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या संबंधित कम्पनी ने लोक निर्माण विभाग को इस संबंध में कोई भुगतान किया है? यदि हाँ, तो कितना? | लोक निर्माण |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>20.2.2003 | 68. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में विकास खण्ड भिलंगना के अन्तर्गत बेलक त्रिजुगी नारायण पद यात्रा मार्ग को मोटर मार्ग में परिवर्तित किये जाने का प्रस्ताव विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त मोटर मार्ग का निर्माण प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>20.2.2003. | 69. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुमाऊँ एवं गढ़वाल मण्डल के वन विभाग के डिपो में कुल कितना लीसा वर्तमान में जमा है? तथा वर्ष 2002-03 में विभाग द्वारा कितने कुन्तल लीसा की बिक्री हुई? क्या यह सत्य है कि वन विभाग के डिपोओं में बड़ी मात्रा मे लीसा पड़ा है? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि प्रदेश में प्राइवेट लीसा फैक्ट्रियाँ, लीसे के अभाव में बंद पड़ी हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार लीसा बिक्री नीति बनाये जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>घनसाली 21.2.2003 | 70. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत क्वीडांग पेयजल योजना कितने वर्ष पूर्व बनाई गई थी? क्या यह सत्य है कि उक्त पेयजल योजना के पाइप सड़ कर नष्ट होने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त योजना का पुनर्गठन कर संबंधित गाँवों में जलापूर्ति करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>21.2.2003 | 71. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के चमियाला, श्रीकोट, सिल्यारा व सेन्दुल पेयजल योजना कितने वर्ष पूर्व बनाई गई थी? इस योजना पर कितने स्टैण्ड पोस्ट व कितने प्राइवेट कनैक्शन आवंटित किये गये हैं तथा उक्त योजना से कितने व्यक्तिगत कनैक्शन आवंटित करने की क्षमता थी? क्या यह सत्य है कि उक्त पेयजल योजना से संबंधित गाँवों में पेयजल आपूर्ति वांछित हो रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस योजना का पुनर्गठन कर संबंधित गाँवों में जलापूर्ति का प्रयास करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |

| क्र.सं. | प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|---|
| | | 26. रा0उ0मा0वि0 तथा रा0इ0का0 में प्रधानाचार्यो एवं अध्यापकों एवं प्रवक्ताओं के रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती कराने,<br>27. विकलाँग विधवाओं एवं वृद्धावस्था पेंशन का वितरण तत्काल करवाने,<br>28. किसानों को गन्ने के मूल्य का भुगतान तत्काल करवाने,<br>29. गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले छूटे परिवारों को बी0पी0एल0 के कार्डो की सुविधा देने,<br>30. दुर्गम तथा दूरस्थ क्षेत्रों में खुले अस्पतालों में डाक्टरों की नियुक्ति करने,<br>31. मानक के आधार पर दुर्गम तथा दूरस्थ क्षेत्रों के प्राथमिक विद्यालयों में अध्यपकों की नियुक्ति करने,<br>32. प्रदेश में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त कर उत्तरांचल को भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने।" |
| 3. | श्री प्रीतम सिंह पंवार | प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाय :-<br>"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :-<br>1. उत्तर प्रदेश के विकल्पधारी कर्मचारियों एवं शिक्षकों को उत्तर प्रदेश भेजे जाने के लिए उन्हें कार्यमुक्त कर रिक्त स्थान पर शिक्षित-प्रशिक्षित बेरोजगारों को नियुक्त किये जाने,<br>2. प्रदेश की स्थायी राजधानी की घोषणा कर अस्थाई राजधानी में बेहिसाब हो रहे खर्चो पर रोक लगाकर स्थाई राजधानी के निर्माण व विकास किये जाने,<br>3. उत्तरांचल की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक संरचना अक्षुण्ण रखने के लिए संविधान के अनुच्छेद 371 के अन्तर्गत विशेष प्राविधान किये जाने के लिए केन्द्र सरकार को संस्तुति करने,<br>4. भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रभावी उपाय करने, |

...5/..

| क्र.सं. | प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|---|
| | | 5. प्रदेश में नौकरशाही को अनुशासित करने,<br>6. प्रदेश की बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था में सुधार किये जाने के लिये प्रभावी उपाय की घोषणा करने,<br>7. प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या को हल करने के लिए प्रशिक्षित फार्मसिस्टों, बी0एड0, सी0पी0एड0, डिप्लोमा धारी इन्जीनियरों तथा अन्य प्रशिक्षित व उच्च शिक्षा प्राप्त बेरोजगारों को सेवायोजन हेतु प्रभावी कदम उठाने,<br>8. राज्य के भेड़ पालकों के उत्थान के लिए व उनके द्वारा उत्पादित ऊनी सामाग्री के विपणन की समुचित व्यवस्था करने,<br>9. अनुसूचित जाति व जनजाति बाहुल्य क्षेत्र के समुचित विकास के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित नीति के अनुरूप विकास नीति बनाने,<br>10. प्रदेश के बेरोजगारों की विषम आर्थिक परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जीवन यापन हेतु बेरोजगारी भत्ता दिये जाने तथा परीक्षा व साक्षात्कार में भाग लेने हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध करने,<br>11. प्रदेश के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में परम्परागत ईंधन स्रोतों के घटने के कारण रसोई गैस में प्रदेश सरकार द्वारा सब्सिडी की व्यवस्था करने,<br>12. प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर खेल स्टेडियम की स्थापना करने,<br>13. प्रदेश की भौगोलिक परिस्थिति व जलवायु की अनुकूलतः के परिपेक्ष्य में बे-मौसमी सब्जी उत्पादन, फूलों की खेती, बागवानी के लिए ब्लाक स्तर पर प्रसार-प्रशिक्षण व्यवस्था कर उत्पादित सामग्री के बाजार की व्यवस्था करने,<br>14. उत्तराखण्ड की गौरवमयी संस्कृति को संरक्षित करने व समुचित स्थान प्रदान करने एवं क्षेत्रीय भाषाओं यथा गढ़वाली, कुमाऊँनी, जौनसारी, भोटिया के विकास के लिए एक राज्य स्तरीय पृथक अकादमी की व्यवस्था करने,<br>15. गन्ना किसानों को उनके उत्पादन का समुचित मूल्य प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की व्यवस्था करने तथा चीनी मिलों द्वारा समयबद्ध भुगतान के लिए एक स्पष्ट नीति बनाने, |

...6/...

क्र.सं. प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप

16. राज्य में कठिन कार्यो के बोझ तल्ले दबी महिलाओं के विकास के लिए पृथक नीति बनाये जाने,
17. टिहरी बाँध परियोजना के विस्थापितों की समस्या को हल करने के लिए समेकित एवं समयबद्ध नीति को घोषित करने,
18. मनेरी भाली परियोजना द्वितीय चरण से प्रभावित परिवारों के सदस्यों को सरकारी सेवा में लेने,
19. प्रदेश में स्तरीय शिक्षा के विकास के लिए स्नातक स्तर तक निःशुल्क पाठ्य सामग्री की व्यवस्था करने,
20. वन विभाग में कार्यरत दैनिक व संविदा आधारित कर्मचारियों को वृत स्तर पर नियमित करने व साधन सहकारी समिति सचिव, गणक, संग्रह अमीनों, लो0नि0वि0, जल संस्थान में कार्यरत पी0टी0सी0 सहित विभिन्न, निगमों में दैनिक व संविदा आधारित कर्मचारियों को नियमित कर राज्य कर्मचारी घोषित करने,
21. प्रदेश में प्रशासनिक इकाईयों का पुनर्गठन कर प्रताबनगर, बड़कोट, कोटद्वार, रूड़की को अलग जनपद बनाए जाने,
22. प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में प्रधानाचार्यो, प्रवक्ता व अध्यापकों के रिक्त पदों को भरने,
23. चिन्यालीसौड़ व गौचर में स्थापित हवाई पट्टियों को सुदृढ़ कर वर्ष, 2003 यात्रा काल से वायु सेवा प्रारम्भ करने हेतु व्यवस्था करने,
24. स्वीकृत मोटर मार्गो भड़कोट-रौंतल, बगोडी, धरासू-रौंतल, धरासू-चमियारी, चिन्यालीसौड़-कोट (बागी), बडेथी-कांदला, भवान-नगुण, कल्याणी-तराकोट, सुलियाखोल-नौगाँव गोडर, चामी-सिंगुणी, नौगाँव-स्यूरी, चोपडा-वणगाँव, गमरागड-चोपडा सहित राज्य के सभी स्वीकृत मोटर मार्गो का कार्य प्रारम्भ करवाने तथा अधूरे पड़े मोटर मार्गो को पूरा करवाने सहित आवश्यक नए मार्गो के निर्माण करवाने,
25. इन्द्रकील पर्वत, जगदेई, नागटिब्बा, सेम, राड़ी देवराणा, मौरियाणा, डोडीताल सहित राज्य के सभी सुन्दर स्थलों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने,

| क्र.सं. | प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|---|
| | | 26. प्रदेश में दुर्घटनाओं में मृतकों के आश्रितों को विना भेदभाव के समान सहायता उपलब्ध कराये जाने। |
| 4. | श्री नारायण पाल | प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः-<br>"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :-<br>1. सितरागंज में बैगुल नदी के लगातार कटाव से भूमि की सुरक्षा के उपाय किए जाने,<br>2. ग्राम आस्ता, सितारगंज, जहाँ शिक्षा, चिकित्सा सड़क, सुरक्षा का कोई प्रबन्ध नहीं है, का समुचित विकास किये जाने,<br>3. सितारगंज चीनी मिल के लम्बित गन्ना भुगतान अविलम्ब किये जाने,<br>4. थारू जनजाति में शिक्षा, चिकित्सा समेत समुचित विकास किये जाने,<br>5. नानमकत्ता क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किये जाने।" |
| 5. | श्री हरबंस कपूर | प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः-<br>"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :-<br>1. सीवर के पानी को खुले में छोड़ने पर प्रतिबन्ध लगाने एवं विभाग के अधिकारियों को दंडित किये जाने,<br>2. देहरादून निगम की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने तथा निगम के क्षेत्रफल एवं जनसंख्या के आधार पर सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए,<br>3. देहरादून निगम में सम्मिलित नये क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर मलिन बस्तियों को चिन्हित कर पंजीकृत किये जाने एवं मलिन बस्ती सुधार योजना के अन्तर्गत सुधार कार्य किए जाने, |

...8/...

| क्र.सं. | प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|---|
| | | 4. 14-देहरादून विधान सभा क्षेत्र स्थित कौलागढ़, मन्नूगंज, शांतिविहार, गोविन्दगढ़, चुक्खुवाला, खुड़बुड़ा, राजेन्द्र नगर आदि क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत के परिप्रेक्ष्य में कौलागढ़, खुड़बुड़ा, चुक्खुवाला, गोविन्दगढ़ में एक-एक ट्यूवैल लगाए जाने,<br>5. मन्नूगंज, खुड़बुड़ा, लूनिया मोहल्ला आदि क्षेत्रों में गुजरने वाले गन्दे नाले का ढक्कनयुक्त किए जाने,<br>6. मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्रसारित गुच्छू पानी भट्टा, गूलर घाटी, पर्यटन योजनाओं की उच्च स्तरीय जांच करने एवं वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों को दंडित किए जाने।" |
| 6. | श्रीमती विजय बड़थ्वाल | प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः-<br>"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :-<br>1. यमकेश्वर, जिला पौड़ी गढ़वाल की कौड़िया किनसार रोड का डामरीकरण करने,<br>2. लक्ष्मणझूला पांडव गुफा के नजदीक गंगा नदी पर मोटर पुल का निर्माण करने,<br>3. थल नदी, विकास खण्ड यमकेश्वर, पौड़ी गढ़वाल में स्थित पालिटेनिक को महिला पालिटेकनिक कर महिलाओं के लिए व्यवसायिक शिक्षा प्रारम्भ करने,<br>4. विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के अन्तर्गत डाडामण्डी विकास खण्ड द्वारीखाल, पौड़ी गढ़वाल में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना करने,<br>5. विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के अन्तर्गत गैड़खाल, पौड़ी गढ़वाल में एक 20 शैया का अस्पताल खोलने,<br>6. स्वर्गाश्रम, पौड़ी गढ़वाल में औद्योगिक इकाई की स्थापना करने,<br>7. विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के रा0उ0मा0 विद्यालय महादेव चट्टी का उच्चीकरण करने, |

| क्र.सं. | प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|---|
| | | 8. पूर्व मा0 विद्यालय चोपड़ा, यमकेश्वर पौड़ी गढ़वाल का उच्चीकरण करने।" |
| 7. | श्री कैलाश शर्मा | प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः–<br>"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :–<br>1. अल्मोड़ा नगर की जर्जर मुख्य सड़क की मरम्मत करने,<br>2. उत्तरांचल में अशासकीय मान्यता प्राप्त हाईस्कूल/ईण्टरमीडिएट कालेजों को अनुरक्षण अनुदान देने,<br>3. अल्मोड़ा जनपद में भैसियाछाना विकास खण्ड में नैनीहरड़ा मोटर मार्ग का निर्माण करने,<br>4. अल्मोड़ा जनपद में भैसियाछाना विकास खण्ड के मंगतलता में झूलापुर का निर्माण करने,<br>5. अल्मोड़ा नगर के महिला चिकित्सालय के भवन के जीर्णोधार एवं कर्मचारी आवासीय भवन बनाने,<br>6. अल्मोड़ा जनपद के विकास खण्ड हवालबाग के प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र के जीर्ण भवन की मरम्मत करने,<br>7. अल्मोड़ा नगर में टैक्सी स्टैण्ड बनाने,<br>8. हवाल-बसाली मोटर मार्ग को पूर्ण करने,<br>9. कोसी कसार देवी पम्पिंग पेयजल योजना का निर्माण करने,<br>10. शेराघाट नाली मोटर मार्ग एवं पुल का निर्माण करने,<br>11. गोवर्धन तिवारी बेस अस्पताल अल्मोड़ा में चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति करने। |
| 8. | श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत | प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः–<br>"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :– |

| क्र.सं. | प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|---|
| | | 1. प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत अधूरे पड़े मोथरोंवाला-दूधली मोटर मार्ग के निर्माण कार्य को पूरा करने,<br>2. जंगली हाथियों द्वारा नकरौंड़ा, चांदमारी, माधोवाला, सतीवाला, दूधली, सिमलास, नागल, बुलन्दावाला आदि गांवों में कृषि उत्पादों में हो रही क्षति के सम्बन्ध में क्षेत्रवासियों की जीवन रक्षा की व्यवस्था करने,<br>3. राज्य आन्दोलन में गोलियों से घायल आन्दोलनकारियों को रोजगार उपलब्ध कराने,<br>4. राजीवनगर, डांडा वार्ड 2, देहरादून महानगर में घरों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाईनों को हटाने,<br>5. जनपद देहरादून में बिन्दाल नदी द्वारा क्लेमेंटाउन कैंट, इन्दिरा फार्म, मोथरोंवाला, दौड़वाला, सिमलास, खैरी, झबरावाला, बुल्लावाला गांवों में प्रतिवर्ष सैकड़ों बीघा भूमि के जलकटाव को रोकने,<br>6. बिन्दाल व सुसवा नदी में हो रहे अतिक्रमण को हटाने। |
| 9. | श्री मदन कौंशिक | प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ दिया जायः-<br>"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है" :-<br>1. प्रदेश कानून व्यवस्था को सुधारने हेतु योजना बनाने,<br>2. प्रदेश के किसानों की जर्जर आर्थिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें बिजली एवं पानी की आपूर्ति निःशुल्क देने,<br>3. किसानों के गन्ने का उचित मूल्य एवं तुरन्त भुगतान किए जाने,<br>4. उत्तरांचल के बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिये जाने,<br>5. प्रदेश में आबकारी नीति को प्रभावी बनाने,<br>6. प्रदेश में जनसंख्या की विस्फोटक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए परिवार नियोजन की किसी कार्ययोजना को बनाए जाने,<br>7. प्रदेश के नीजी इन्जीनियरिंग कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया लागू करने, |

...11/...

| क्र.सं. | प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|---|
